# नगर निगम, सहारनपुर।

पत्र सं0: 451 /स्वा0वि0/न0नि0सहा0/2025–25 दिनांक: 21/08/2025

## –::अल्पकालिक ई–निविदा सूचना::–

नगर आयुक्त सहारनपुर नगर निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु वॉल पेन्टिंग कार्य की दर की ई–निविदा दिनांक 25.08.2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर ऑन लाईन के माध्यम से आमन्त्रित की जाती है। निविदा शर्त के अनुसार ऑनलाईन अपनी निविदा दरे डाल सकते हैं। ठेकेदार/फर्म को निविदा के साथ अंकन रूपये 1,00,000/– जमानत राशि की एफ0डी0आर0/टीडीआर तथा निविदा शुल्क अंकन रू0 1298/– ऑनलाईन व्यवस्था के अन्तर्गत देय होगा। निविदा शर्त के अनुसार अन्य आवश्यक अभिलेख निर्धारित दिनांक व समय तक अपलोड करने होगें। ऑनलाईन निविदा दिनांक 25.08.2025 को समिति एंव उपस्थित निविदादाताओ के समक्ष खोली जायेगी। विस्तृत शर्ते , विवरण वैबसाईट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| E-Bid Reference | File No.SBM-WP-01/2025 |
| Publish date & time for RFP | 25.08.2025 |
| Pre-Bid Meeting for Bidders | 27.08.2025 |
| Last date time for submission of E-Bid | 30.08.2025 3:00 PM |
| Date & Time of Opening Bid | 30.08.2025 4:00 PM |
| E-Bids security Deposit | Rs. 1,00,000/- |
| E-Tender document Processing | As per tender Condition |

नोट– बिना धरोहर राशि एवं टेन्डर मूल्य की निविदा पर विचार नही किया जायेगा।

मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक
नगर निगम, सहारनपुर

नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम, सहारनपुर।

**प्रतिलिपि–**

1. मा0 महापौर, नगर निगम, सहारनपुर की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषि।
2. नगर आयुक्त महोदय की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित ।
3. ई–निविदा समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. लेखाधिकारी, नगर निगम, सहारनपुर को सूचनार्थ।
5. आई0टी0ओ0 (सीएलसी) को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. सम्पादक दैनिक हिन्दुस्तान एवं दैनिक जनवाणी समाचार पत्र को इस आश्य से कि उक्त विज्ञापन सूचना का प्रकाशन कम से कम स्पेस में (नौ फोन्ट) में डीएवीपी दर पर कराकर बिल 2 प्रतियो में समाचार पत्र की 3 प्रतियो सहित प्रस्तुत करे।
7. सूचना पट पर चस्पा हेतु।

मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक
नगर निगम, सहारनपुर
21.08.25

नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम, सहारनपुर।

Wall Paint_tend25

Scanned with CamScanner

## शर्त बाबत वॉल पेन्टिंग की दर प्रति वर्ग फिट (मय मैटीरियल, लेबर आदि) वित्तीय वर्ष 2025–26

1. यह कि वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु वॉल पेन्टिंग के कार्य की प्रति वर्ग फिट दर (मय मैटीरियल, लेबर आदि) की ई–निविदा आमन्त्रित की जाती है।
2. यह कि निविदादाता/फर्म को जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन, चरित्र प्रमाण (वैध अवधि का), आधार कार्ड, पैन कार्ड, ई–निविदा के साथ संलग्न कर अपलोड करना अनिवार्य है।
3. यह कि निविदादाता/फर्म को अनुभव प्रमाण पत्र निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है।
4. यह कि निविदादाता/फर्म को किसी भी सरकारी/अर्द्धसरकारी विभाग द्वारा ब्लैक लिस्ट न होने का शपथ पत्र/प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य है।
5. निविदा मूल्य अंकन रू0 1298/– एवं धरोहर राशि अंकन रू0 1,00,000/– etender.up.nic.in पर ही ऑनलाईन व्यवस्था के अन्तर्गत देय होगी। धरोहर राशि का डी.डी. आदि नगर आयुक्त, नगर निगम, सहारनपुर के नाम से बनवाना होगा।
6. यह कि निविदादाता/फर्म को उक्त शर्त में 4 व 5 में अंकित डी.डी. , एफ.डी.आर./टी.डी.आर. , बलैक लिस्ट न होने का शपथ पत्र/प्रमाण पत्र निविदा में अपलोड करना अनिवार्य है।
7. यह कि निविदादाता/फर्म को पेन्टिंग कार्य की मैटिरियल व लेबर सहित दर प्रति वर्ग फिट में देनी होगी। नियमानुसार देय जी0एस0टी0 अलग से देय होगी।
8. यह कि निविदादाता/फर्म स्वीकृत दर पर कार्य करेगा तथा कोई भी ऐसा मैटिरियल/सामग्री प्रयोग नहीं करेगा, जो कि शासन/प्रशासन द्वारा प्रतिबन्धित हो।
9. यह कि निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त महोदय में निहित होगा।
10. यह कि स्वीकृत निविदादाता/फर्म को अनुबन्ध हेतु अंकन रू0 100/– (एक सौ रू0) का स्टाम्प पेपर देना होगा।
11. यह कि पेन्टिंग की डिजाईनिंग स्वीकृत फर्म/ठेकेदार को उपलब्ध करानी होगी। डिज़ाईनिंग नगर निगम द्वारा पास करने उपरान्त डिज़ाईनिंग इत्यादि का कार्य कराना होगा।
12. यह कि यदि कार्य के दौरान स्वीकृत निविदादाता/फर्म के श्रमिक के साथ कोई घटना–दूर्घटना होती है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी स्वीकृत निविदादाता/फर्म की होगी। नगर निगम किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।
13. यह कि पेन्टिंग कार्य में नगर निगम की गऊशाला द्वारा उत्पादित पेन्ट का ही प्रयोग करना होगा तथा इसके साक्ष्य भी प्रस्तुत करने होंगे।
14. निगम एवं जनहित में किसी भी शर्त को घटाने अथवा बढ़ाने एवं संशोधित करने का अधिकार नगर आयुक्त महोदय में निहित होगा।
15. यह कि स्वीकृत फर्म/निविदादाता द्वारा कार्य में किसी भी शर्त का उल्लंघन करने पर सम्बन्धित फर्म/निविदादाता के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।
16. यह कि निविदादाता/फर्म को समस्त आवश्यक अभिलेख ई–निविदा के साथ अपलोड करने अनिवार्य होंगें।
17. किसी भी वाद–विवाद के लिये नगर आयुक्त महोदय का निर्णय मान्य होगा।
18. निविदादाता को स्वयं द्वारा पूर्व में किये गये उत्कृष्ट वॉल पेन्टिंग कार्य के फोटोग्राफ भी निविदा के साथ संलग्न करने होंगें।
19. निविदा देने से पहले एक प्री–बिड मीटिंग स्वास्थ्य विभाग कार्यालय में आयोजित की जायेगी। जिसमें प्रतिभाग करना अनिवार्य होगा।

मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक
नगर निगम, सहारनपुर

नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम, सहारनपुर।

Wall Paint_tend25

Scanned with CamScanner